धारदार हथियार सहित दो युवक पकड़े

श्रीगंगानगर, (कासं)। कोतवाली थाना पुलिस ने तलवार लेकर घूम रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया। दोनों युवक आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। तलवार लेकर घूमने के पीछे इनका इरादा लोगों को डराने-धमकाने का था।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। इनके खिलाफ पहले आबकारी अधिनियम के कुछ मामले दर्ज हैं। कोतवाली थाने के एएसआई स्वर्णसिंह गश्त पर थे। उन्हें बस स्टैंड के पास युवक अमृतपाल सिंह पुत्र अजायब सिंह नजर आया। युवक को रोका तो उसके पास तलवारनुमा लोहे का धारदार कापा मिला। इस पर उसे गिरफ्तार कर थाने लाया गया।

रिकॉर्ड खंगाला तो उसके खिलाफ पहले से कुछ आबकारी अधिनिमयम के मामले दर्ज होने की जानकारी मिली। युवक गांव तीन एल मटीली राठान का रहने वाला है।

दूसरे मामले में एएसआई कृष्णचंद को सद्भावना नगर इलाके में युवक तलवार लेकर घूमता नजर आया। उसे रोककर पूछताछ की तो उसने बताया कि वह गौरू पुत्र बलवीर सिंह है और गुरूनगर का रहने वाला है। उसके नशे का आदी होने की जानकारी मिली है। दोनों युवकों के धारदार हथियार लेकर घूमने के पीछे इनका इरादा लोगों को डराने-धमकाने और लूटपाट का था।

डिवाइडर तोड़ कैम्पर दो गाड़ियों से टकराई, तीन जने घायल

- **कोलायत में नेशनल हाईवे नंबर 11 पर सांखला फांटा से बीकानेर जाने वाली रोड पर पेट्रोल पंप के पास में एक कैम्पर गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़कर सामने आ रही दो गाड़ियों से टकरा गई**
- **टक्कर मारने वाली कैम्पर गाड़ी जिप्सम रॉयल्टी की बताई जा रही है**

कोलायत, (कासं)। नेशनल हाईवे नंबर 11 पर सांखला फांटा से बीकानेर जाने वाली रोड पर पेट्रोल पंप के पास में एक कैम्पर गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़कर सामने आ रही दो गाड़ियों से टकरा गई। हादसे में तीनों गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई और उनमें सवार तीन जने घायल हो गए जिन्हें चोटें आई।

घटना शाम पांच बजे की है। बीरबल पिकअप से बीकानेर से बीकमपुर की तरफ जा रहा था। उसके पीछे ही एक बोलेरो गाड़ी चल रही थी। सामने से सांखला फांटा से बीकानेर की ओर जाती हुई एक कैम्पर गाड़ी आई और पास आते ही लहराकर अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़कर पिकअप को टक्कर मारी। उसके पीछे हुए चलती हुई बोलेरो गाड़ी को भी टक्कर मार दी।

इससे तीनों गाडियां क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें झम्मू 30 वर्ष, संपतराम 33 वर्ष, विकास 30 घायल हो गए। टक्कर मारने वाली कैम्पर जिप्सम रॉयल्टी की बताई जा रही है। जो सांखला फांटा से सुरजड़ाजा रही थी। कैम्पर को विकास चला रहा था। उसके साथ में दो युवक रणवीर सिंह व कृष्ण भी थे। वे दुर्घटना के बाद फरार हो गए।

अवैध कटों का सर्वे करने के निर्देश : श्रीगंगानगर जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सड़क मार्ग के अवैध कटों का सर्वे कर जल्द रिपोर्ट देने के लिये संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही परिवहन विभाग को वाहन चालकों की नेत्र जांच के लिये शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये गये।

बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सड़क मार्ग के अवैध कटों का सर्वे कर संबंधित विभागीय अधिकारी जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना के लिये जागरूक और सावचेत किया जाये। अब तक परिवहन विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ परिवहन विभाग नियमानुसार कार्यवाही की जाये।

ओवरलोडेड वाहनों के खिलाफ नियमित कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि वाहनों और निराश्रित पशुओं पर रेडियम टेप व रिफ्लेक्टर लगाये जायें। निराश्रित पशुओं के सींगों पर टेप और गले में रिफ्लेक्टर पहनायें ताकि अंधेरे में वाहन चालकों को सड़क पर पशुओं की मौजूदगी का पता चले और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। जिला परिषद और स्थानीय नगर निकायों द्वारा अधीनस्थ क्षेत्रों में निराश्रित पशुओं के गले और सींगों पर रेडियम टेप व रिफ्लेक्टर लगवाये जायें।

सड़क किनारे सूखे पेड़ों और झाड़ियों को हटाने के लिये पीडब्लयूडी, वन विभाग सहित संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि ओवर स्पीड वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ भी परिवहन विभाग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए वाहन चालकों को जागरूक किया जाये। इस कार्य में सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाये। संबंधित विभागीय अधिकारी निरन्तर सड़क सुरक्षा जागरूकता गतिविधियां करें ताकि वाहन चालकों और आमजन को सावचेत किया जा सके।

सर्दी में धुंध के दौरान सड़क हादसों में कमी लाने के लिये वाहन चालकों को जागरूक करने के निर्देश देते हुए जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने कहा कि यातायात पुलिस के साथ-साथ परिवहन विभाग भी लगातार कार्यवाही सुनिश्चित करें। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये साइन बोर्ड लगाने के लिये एनएचएआई और वाहन चालकों को प्रशिक्षित करने के लिये जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि जिले में चिन्हित समस्त ब्लैक स्पॉट पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये संबंधित विभाग समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में एडीएम प्रशासन रीना, प्रशिक्षु आईएएस रजत यादव, उपवन संरक्षक रमेश मूंड, पीएचईडी एसई विजय कुमार शम्र, जिला परिवहन अधिकारी अवधेश चौधरी, राकेश कुमार अरोड़ा मौजूद थे।

आर्य समाज भवन की चाबी सौंपने की मांग

हनुमानगढ़, (कासं)। आर्य समाज के पदाधिकारियों ने आर्य समाज भवन की चाबी और दस्तावेज नवगठित कार्यकारिणी को सौंपे जाने की मांग के संबंध में शुक्रवार को जिला कलेक्टर कानाराम को ज्ञापन सौंपा।

आर्य समाज के प्रधान सुरेन्द्र बेनीवाल ने कहा कि आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान के अन्तर्गत संचालित आर्य समाज टाउन की नवगठित कार्यकारिणी की ओर से करीब एक महीने से आर्य समाज भवन प्रांगण में हवन करने के लिए भवन का ताला खुलवाए जाने की मांग प्रशासन से की जा रही है। निवर्तमान कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से दस्तावेज दिलवाए जाने की मांग भी वर्तमान कार्यकारिणी कर रही है। परन्तु अभी तक प्रशासन की ओर से अभी तक यह निर्णय नहीं लिया गया है कि आर्य समाज भवन और इसकी दुकानें आर्य समाज की संपत्ति हैं या आर्य समाज मंदिर ट्रस्ट के नाम से बनी तथाकथित ट्रस्ट की है।

इस संबंध में नवगठित कार्यकारिणी की ओर से वर्ष 1980 से लेकर 2023 तक दुकानों के किराये की रसीदें जो आर्य समाज के नाम से जारी की गई हैं। प्रशासन को उपलब्ध करवा दी गई हैं। अन्य वांछित दस्तावेज भी प्रशासन को उपलब्ध करवा दिए गए हैं। ये सभी दस्तावेज इस बात के सबूत हैं कि आर्य समाज ही आर्य समाज भवन एवं इसकी दुकानों का मालिक है।

सार-समाचार

मानदेय बढ़ाने की मांग

नोखा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सामूहिक बैठक को अनुराधा पारीक ने संबोधित किया।

नोखा, (कासं)। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की सामूहिक बैठक का आयोजन राजकीय राठी उच्च माध्यमिक विद्यालय नोखा में किया गया। नोखा ब्लॉक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुराधा पारीक ने बताया कि बैठक में 8 जनवरी को जयपुर में प्रस्तावित हड़ताल और रैली को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ के प्रदेशाध्यक्ष मधुबाला ने अपनी प्रमुख मांगों जैसे मानदेय वृद्धि और अन्य सुविधाओं को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की। इसी संघ की जिलाध्यक्षा जरीना बानो ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि लम्बे समय से लंबित मांगों को लेकर सरकार से वार्ता का कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है। वर्करों का कार्य दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है लेकिन नाम मात्र का मानदेय मिलता है जिससे परिवार का पालन पोषण नहीं हो पाता। जहां भी भीड़ की आवश्यकता होती है आंगनबाड़ी वर्करों को बुलाया जाता है। अतः वर्करों ने स्थाई कर्मचारी बनाने,मानदेय बढ़ाने,कार्यक्षेत्र निर्धारित करने आदि मांगों को लेकर जयपुर में विरोध प्रदर्शन करेंगे। पांचू ब्लॉक कार्यकर्ता सुमन पारीक ने कहा कि इस धरना प्रदर्शन को लेकर जगह- जगह पर मीटिंग आयोजित की जा रही है। सभी को जयपुर पहुंचने का आव्हान किया गया। कार्यकर्ता भगवती शर्मा, रीना पारीक, वायदा, पदमारानी, दौलत गुर्जर, अलका नायक, भगवती स्वामी, शारदा, संजू, राखी बिनवारा, बेबी, किरणकवर आदि ने अपने विचार रखकर जयपुर आंदोलन को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। इस बैठक में मधु चौधरी, हेमलता सैन, पूनम, सीमा गुजराती, विजय कंवर, विमलेश शर्मा, प्रेमलता पारीक, अन्तरा, नागिन छिम्पा, संजू स्वामी, इंद्रा, सरोज, दीपिका पारीक, मांगी देवी, संगीता जोशी, यशोदा आदि आंगनबाड़ी मानदेयकर्मी उपस्थित थी।

1.30 करोड़ के कामों की मंजूरी

बीकानेर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा के प्रयासों से नापासर नगर पालिका में करीब एक करोड़ 30 लाख रूपए की लागत के पेयजल आपूर्ति और सड़क निर्माण के कार्य करवाए जायेंगे। गोदारा ने बताया कि नापासर में हैड वर्क वन ओर हैड वर्क टू के पास दो नए ट्यूबवैल निर्माण की स्वीकृति जारी की गई है। उन्होंने बताया कि हैड वर्क वन के पास ट्यूबवैल निर्माण के लिए 44 लाख 99 हजार तथा हैड वर्क 2 के पास ट्यूबवैल निर्माण के लिए 44 लाख 50 हजार रूपए व्यय किए जायेंगे। इन ट्यूबवेल्स के निर्मित होने से कस्बे वासियों को निर्बाध पेयजलापूर्ति हो सकेगी। लम्बे समय से कस्बे वासियों द्वारा पेयजल आपूर्ति सुचारू करने के लिए इन ट्यूबवैल की मांग की जा रही थी। इसके मध्य नजर प्राथमिकता से ये स्वीकृतियां जारी करवाई गई हैं। गोदारा ने बताया कि नापासर कस्बे की सड़क निर्माण के लिए 40 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। इस सड़क के बनने से कस्बे वासियों को आवागमन में आसानी हो सकेगी। गोदारा ने कहा कि नापासर नगर पालिका के विकास हेतु विद्युत, पेयजल आपूर्ति और नई सड़कों का निर्माण तथा आवश्यकता अनुसार सड़कों के नवीनीकरण के लिए नियमित रूप से स्वीकृतियां करवाई जा रही है। आगे भी आवश्यकता अनुसार नई विकास कार्य स्वीकृत करवाएं जायेंगे। इन कार्यों में संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार शहरी निकायों के ढांचे को विकसित करने के लिए नियमित रूप से स्वीकृतियां जारी कर रही हैं। कस्बेवासियों ने इन विकास कार्यों के लिए खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री का आभार व्यक्त किया।

पाइपलाइन से पानी लीकेज

मानकसर, (कासं)। गांव भगवानसर में जगह-जगह लीकेज पाइप लाइनों के कारण पानी व्यर्थ बह रहा है। ऐसे में गलियों में जमा कीचड़ से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है और हादसे भी हो रहे हैं। गांव में कई जगह वाटरवर्क्स की पाइपलाइन लीकेज है। जिससे लोगों को घरों से निकलना ही मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में मुख्य गलियों में पाइपलाइन लीकेज पड़ी है। जलापूर्ति के दौरान शुद्ध पानी तेज बहाव के साथ बहता है और यह पानी लोगों के घरों आगे जमा हो जाता है। लीकेज पाइपलाइन से व्यर्थ बहने के कारण कई घरों में जलापूर्ति भी बाधित हो रही है। रात्रि के समय यहां प्रतिदिन दुपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि भगवानसर पंचायत के मुख्यालय पर 24 अक्टूबर को एडीएम की रात्रि चौपाल व जनसुनवाई में ग्रामीणों इस संबंध में शिकायत की थी। एडीएम के निर्देश के बावजूद स्थिति ज्यो की त्यों है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन पर शिकायत की गई। पोर्टल पर जेईएन के बताए अनुसार शिकायत कर निस्तारण कर दिया गया है का दावा तो कर दिया लेकिन भौतिक रूप से ग्रामीणों को राहत नहीं मिल पाई। दूसरी ओर एईएन अजय सहारन ने बताया कि लीकेज की शिकायत मिली है। एक-दो दिनों में पाइपलाइन लीकेज को सही करवा देंगे।

स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर

बीकानेर, (कासं)। स्काउट एण्ड गाइड राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय बीकानेर के तत्वावधान में अपेक्स प्लेटिनम सैकण्डरी स्कूल बंगला नगर, बीकानेर में जिला ऑर्गेनाइजर(स्काउट) संदीप मांझू के निर्देशानुसार आज कोमल पद प्रशिक्षण शिविर का आरंभ हुआ। इस अवसर पर निदेशक ओमप्रकाश डूडी, प्रधानाचार्य रामजस गोदारा, स्काउट प्रभारी जेठाराम, जिला ट्रेनर सूरज गोस्वामी,जसनप्रीत कौर, जितेन्द्र गुप्ता ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलन कर कोमल पद प्रशिक्षण शिविर का आरंभ किया। प्रधानाचार्य रामजस गोदारा ने कहा कि स्काउटिंग एक पवित्र सेवा है, स्काउट गाइड से बालक -बालिकाओं का सर्वांगीण विकास होता है।

लूणकरनसर के 30 किसानों को मिलेगा उन्नत उद्यानिकी का लाभ

- **हाईटेक हार्टिकल्चर मॉडल कलस्टर के रूप में विकसित करने के लिए लूणकरनसर ब्लॉक का चयन**
- **चयनित कृषकों को उच्च तकनीकी उद्यानिकी जैसे ग्रीनहाउस, पॉलिहाउस का प्रशिक्षण दिया जायेगा**

बीकानेर, (कासं)। उद्यानिकी फसलों में उच्च तकनीकी को कलस्टर आधार पर बढ़ावा देकर अन्य कृषकों के लिए आदर्श स्थापित करने के उद्देश्य से बजट 2024-25 में हाई-टेक हार्टिकल्चर मॉडल कलस्टर विकसित करने की घोषणा की गई है।

उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक दयाशंकर ने बताया कि कलस्टर में चयनित कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए उच्च तकनीकी उद्यानिकी जैसे ग्रीनहाउस पॉलिहाउस / शेडनेट हाउस, प्लास्टिक मल्चिंग, लो-टनल, फार्म पौण्ड तथा ड्रिप/स्प्रिंकलर आदि अन्य गतिविधियों को अपनाने पर अनुदान एवं प्रशिक्षण का लाभ दिया जाना है। जोन प्रथम-सी अति शुष्क आंशिक सिंचित क्षेत्र जिला बीकानेर के लूणकरनसर ब्लॉक व जिला चूरू के कलस्टर निर्माण किया जाना है। चयनित कलस्टर में कृषकों का चयन उप निदेशक उद्यान, सहायक निदेशक उद्यान, कृषि अधिकारी एवं संबंधित क्षेत्र के सहायक कृषि अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक की संयुक्त कमेटी द्वारा किया जायेगा। चयन की सम्पूर्ण प्रक्रिया का अनुमोदन जिला कलेक्टर व अध्यक्ष जिला हॉर्टीकल्चर डवलपमेंट सोसायटी द्वारा करवाया जाना है।

लूणकरनसर कलस्टर में 30 कृषकों का चयन किया जाना है। इच्छुक कृषकों की संख्या 30 से अधिक होने पर कृषकों का चयन कमेटी द्वारा मौके पर लॉटरी/रेण्डोमाईजेशन प्रक्रिया द्वारा किया जायेगा। चयनित कृषक द्वारा उच्च तकनीक उद्यानिकी के प्रमुख घटकों ग्रीनहाउस/शेडनेट हाउस, लॉ-टनल, प्लास्टिक मल्च, एकल जल स्त्रोत / सामुदायिक जल स्त्रोत, सोलर पम्प व ड्रीप संयंत्र में से ग्रीनहाउस/शेडनेट हाउस के साथ न्यूनतम अन्य कोई चार घटक अपनाया जाना अनिवार्य है।

चयनित कृषक के द्वारा पूर्व में ही उपरोक्त वर्णित गतिविधियों पर अनुदान प्राप्त करने की स्थिति में शेष गतिविधियों में अनुदान के लिये पात्र होगा। चयनित कृषक को ग्रीनहाउस/शेडनेट हाउस पर 2000 वर्गमीटर निर्धारित सीमा पर अनुदान देय है।

चयनित कृषक को राज किसान साथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जाना अनिवार्य है। हाईटेक हार्टिकल्चर मॉडल कलस्टर कार्यकम अंर्तगत राष्ट्रीय बागवानी मिशन के दिशा-निर्देशों के अनुसार लूणकरनसर कलस्टर में 2 प्रशिक्षण आयोजित किये जाने है। इस योजना में महिला, लघु एवं सीमान्त कृषकों को प्राथमिकता दी जावेगी। उक्त उद्यानिकी घटकों के कियान्वयन में चालू वित्तीय वर्ष के विभागीय दिशा-निर्देश मान्य होंगे।

श्रीगंगानगर में बारिश के आसार

श्रीगंगानगर,(कासं)। श्रीगंगानगर में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने से जिले में शनिवार को बरसात की संभावना बन गई है। इसका असर पर शुक्रवार सुबह से नजर आने लगा। आसमान में बादल छाए हैं। जिले के अधिकांश हिस्सों में ऐसे ही हालात हैं।

तेज सर्दी का असर बना हुआ है। मौसम एक्सपर्ट्स के अनुसार अगले चौबीस घंटे में बरसात हो सकती है। न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। जिले में देर रात से ही बादल नजर आने लगे थे। सुबह जब शहर के लोग उठे तो कोहरे का असर तो नहीं था लेकिन बादल छाए थे। तेज सर्दी से लोगों के दैनिक कामकाज पर असर पड़ा। कोचिंग इंस्टीट्यूट्स या ऑफिसों के लिए निकले लोग सर्दी से बचाव कर ऑफिसों की तरफ बढ़ते दिखे। वहीं मेहनत मजदूरी करने वाले लोगों ने सड़क किनारे अलाव तापकर सर्दी दूर भगाई। सर्दी के चलते सुबह 9 बजे तक सड़कों पर लोगों की आवाजाही काफी कम थी। वहीं बाजार में भी लोगों की एक्टिविटी सुबह 10 बजे के बाद ही शुरू हुई। दूध और सब्जी के विक्रेता पूरी तरह सर्दी से बचाव करने के बाद घरों से निकले। शहर की सब्जी मंडी में भी खरीदारों की संख्या कम थी।

नए वस्त्र और जूते पाकर बच्चों के चेहरे खिले

- **गुरुद्वारा प्रधान ने जरूरतमंद बच्चे के साथ मनाया अपने पोते का जन्मदिन**

हनुमानगढ़, (कासं)। जंक्शन स्थित गुरूद्वारा शहीद बाबा दीपसिंह में शुक्रवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें गुरूद्वारा प्रधान जरनैल सिंह ने अपने पौत्र अगमजोत सिंह का जन्मदिवस वंचित वर्ग के बच्चों की सेवा के रूप में मनाया।

इस मौके पर जरूरतमंद परिवारों के 50 बच्चों को गर्म वस्त्र, कोट और जूते वितरित किए गए। नए वस्त्र और जूते पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से झलक उठे। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल ने कहा कि यह पहल समाज में प्रेरणा का स्त्रोत है। इससे प्रेरणा लेते हुए हर व्यक्ति को अपने और अपने परिवार के खास दिनों पर जरूरतमंद बच्चों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हम बचपन से ही बच्चों को सेवा और संस्कारों की शिक्षा देंगे तो वे भविष्य में संस्कारवान और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनेंगे।

इससे देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। बच्चों के पैरों को मजबूती देने और उन्हें ठंड से बचाने का यह प्रयास सराहनीय है। इस मौके पर गोयल ने मानस अभियान के तहत नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। गुरूद्वारा प्रधान जरनैल सिंह ने कहा कि समाज के वंचित वर्ग की मदद करना सच्ची सेवा है। शीतलहर और ठिठुरन के इस मौसम में जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को गर्म वस्त्र और जूते देकर उनकी मदद करना सबसे बड़ी मानवीयता है। इससे बच्चों को न केवल शारीरिक राहत मिलेगी बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। करणी सिंह शेखावत ने कहा कि ऐसे कार्य समाज को एकजुटता और सेवा भावना का संदेश देते हैं। स्केटिंग कोच गौतम पारीक ने कहा कि ऐसे नवाचारों से बच्चों को मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल, कुम्हार समाज जिलाध्यक्ष रामनिवास किरोड़ीवाल, करणी सिंह शेखावत आदि कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

चलती ट्रेन से महिला गिरी, गेटमैन ने बचाई जान

श्रीगंगानगर, (कासं)। चलती ट्रेन में चढ़ते समय महिला का पैर फिसल गया और वह ट्रैक-प्लेटफॉर्म के बीच गिर गई। मौके पर मौजूद गेटमैन की महिला पर नजर पड़ गई। वह महिला को बचाने के लिए दौड़ा और ट्रेन से दूर खींचकर ले गया। घटना रात साढ़े 8 बजे अनूपगढ़ के रायसिंह नगर स्टेशन पर हुई। इसका वीडियो शुक्रवार को सामने आया।

यह घटनाक्रम बीकानेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला ट्रेन में हुआ। जीआरपी एसएचओ धर्मपाल लेघा ने बताया कि गेटमैन नंदराम की सजगता से महिला को बचा लिया गया। महिला और उसके साथ मौजूद पुरूष, बच्चा उसी ट्रेन से रवाना हो गए थे। गेटमैन नंदराम ने बताया कि ट्रेन प्लेटफॉर्म से रवाना हो चुकी थी। महिला के साथ मौजूद पुरूष के एक हाथ में बैग था और दूसरे हाथ से उसने बच्चे को ट्रेन में चढ़ाया। महिला ट्रेन में नहीं चढ़ पाई थी। महिला ट्रेन के डिब्बे के हैंडल को पकड़कर चढ़ने की कोशिश कर रही थी। इसी दौरान महिला का पैर फिसल गया और वह ट्रैक-प्लेटफॉर्म के बीच गिर गई।

गेटमैन ने बताया कि वह देख रहा था और सोच रहा था कि यदि महिला का पैर पायदान पर आ गया तो वह चढ़ जायेगी नहीं तो मुश्किल होगा।

तीन विभूतियों का होगा सम्मान

बीकानेर,(कासं)। साहित्य, संगीत, संस्कृति, चिकित्सा एवं समाजसेवा के लिए संकल्पित संस्थान प्रेरणा प्रतिष्ठान बीकानेर द्वारा तीन विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा।

प्रेरणा प्रतिष्ठान के अध्यक्ष प्रेमनारायण व्यास ने बताया कि खेल समीक्षक एवं लेखक आत्माराम भाटी को राजरतन सम्मान, बियड्र्स कलानुरागी चन्द्र प्रकाश व्यास को अमर कीर्ति शिखर सम्मान और शिक्षाविद प्रो. डॉ. नरसिंह बिन्नाणी को सुन्दर सुरभि सम्मान से नवाजा जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान साहित्य अकादमी बीकानेर के पूर्व सचिव डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य एवं मुख्य अतिथि विधायक जेठानन्द व्यास होंगे।

लाभार्थी महिलाओं को ओटीपी से मिलेगा पोषाहार

श्रीगंगानगर, (कासं)। राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी केन्द्रों से मिलने वाले पोषण आहार की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए नई व्यवस्था की तैयारी कर ली है।

नई व्यवस्था के तहत टेक होम राशन (टीएचआर) के लिए एक जनवरी से फेस वैरिफिकेशन और ओटीपी प्रणाली लागू की जायेगी। इस व्यवस्था के तहत लाभार्थियों का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण व मोबाइल ओटीपी के जरिए किया जायेगा। इसका फायदा महिला एवं बाल विकास विभाग में पंजीकृत 1 लाख से अधिक लाभार्थियों को मिलेगा। जब महिलाएं आंगनबाड़ी केन्द्र से पोषण आहार लेने आयेगी तो उनका चेहरा पढ़कर और ओटीपी द्वारा सत्यापन किया जायेगा। जिससे केवल असली लाभार्थियों को ही पोषण आहार मिले। अगर गर्भवती महिलाएं केन्द्र तक नहीं पहुंच पार्ती तो उनके परिजन मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के जरिए आहार का सत्यापन करवा सकेंगे।

गौरतलब है कि इससे पहले आंगनबाड़ी केन्द्रों पर राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायतें काफी मिलती थी। ऐसे में वितरण प्रणाली में सुधार को लेकर सरकार ने नया नियम बनाया है। महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारियों के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मिलने वाले पोषाहार में पारदर्शिता बढ़ाने और राशन वितरण में गड़बड़ी रोकने के लिए यह नियम बनाया गया है। इसके लागू होने से आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिलने वाले पोषाहार में पारदर्शिता बढ़ाने और वितरण प्रणाली में गड़बड़ी को रोकने के लिए यह नियम बनाया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार नई व्यवस्था से आंगनबाड़ी सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी।

आई.ओ.सी.एल. बॉटलिंग प्लांट में मॉकड्रिल से सुरक्षा व्यवस्था जांची

- **राज्य प्राधिकरण और सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से हुई मॉकड्रिल**
- **मॉकड्रिल का उद्देश्य प्लांट में आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों का मूल्यांकन और सुरक्षा को मजबूत बनाना था**

बीकानेर, (कासं)। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के बीकानेर बॉटलिंग प्लांट में शुक्रवार को मॉक फायर ड्रिल का आयोजन किया गया।

मॉकड्रिल में राज्य प्राधिकरण और म्युचुअल एंड पार्टनर्स ने भागीदारी निभाई। ड्रिल का उद्देश्य प्लांट में आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों का मूल्यांकन और सुरक्षा प्रक्रियाओं को मजबूत बनाना था। ड्रिल का शुभारंभ प्लांट के वरिष्ठ प्रबंधक नीरज कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन, वरिष्ठ फैक्ट्री इंस्पेक्टर, इंटेलिजेंस ब्यूरो, फायर ब्रिगेड, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। म्युचुअल एड पार्टनर्स, भारत पैट्रोलियम के प्रतिनिधियों ने विशेषज्ञता प्रदान की।

बीकानेर में आई.ओ.सी.एल. बॉटलिंग प्लांट में मॉक फायर ड्रिल का अभ्यास किया।

आईओसीएल राज्य कार्यालय जयपुर के महाप्रबंधक (एलपीजी प्रचालन) आशीष कुमार मौजूद थे। मॉक ड्रिल के दौरान काल्पनिक गैस रिसाव और आगजनी की स्थिति बनाई गई। इसके बाद इंडियन ऑयल के अधिकारियों, कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों ने आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना के तहत अपने कर्तव्यों का पालन किया। फायर ब्रिगेड ने आग को नियंत्रित किया और स्वास्थ्य टीमों ने घायलों को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की। अधिकारियों ने सुरक्षा उपायों और कर्मचारियों की तत्परता की सराहना की। उन्होंने इस प्रकार की मॉकड्रिल नियमित रूप से आयोजित करने पर जोर दिया ताकि प्लांट और आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित बनाया जा सके। प्लांट प्रबंधन ने इस मॉकड्रिल को सफल बनाने के लिए राज्य प्राधिकरण, म्युचुअल एड पार्टनर्स और कर्मचारियों का धन्यवाद किया।

डीएफए जोधपुर व जयपुर ने जीते फुटबॉल मुकाबले

बीकानेर, (कासं)। मास्टर बच्ची क्लब समिति के तत्वावधान में पुष्करणा स्टेडियम में चल रहे मास्टर बच्ची गोल्ड कप फुटबाल टूर्नामेंट में शुक्रवार को भी दो मैच खेले गये।

मीडिया प्रभारी हर्षित बिस्सा ने बताया कि पहला मैच डीएफए जोधपुर व टू जैक राइफल के बीच खेला गया। मैच का पहला गोल 9 वें मिनट में जोधपुर के किरण पुरी ने कर टीम को बढ़त दिलाई। जवाबी हमले में टू जैक राइफल के आशीष रॉय ने 34 वें मिनट में गोल कर मैच एक की बराबरी में ला दिया। दूसरे हाफ की शुरूआती समय में टू जेक रायफल के अभिषेक के गोल से 2-1 से बढ़त दिलाई। जवाबी हमले में जोधपुर के निखिल ने गोल कर मैच वापस बराबरी में ला दिया। इसके बाद यह स्कोर तय समय तक कायम रहा। जिसके बाद ट्राई बेकार में डीएफए जोधपुर ने टू जैक रेजिमेंट को 6-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच टु जेक राइफल के गोलकीपर दिवांकर को दिया गया।

मास्टर बच्ची फुटबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते डॉ. राहुल हर्ष व सुनील बांठिया।

दूसरा मैच एलिट जयपुर और सर प्रताप जोधपुर के मध्य खेला गया। जयपुर ने पहले मिनट से ही जोधपुर पर अपना शिकंजा कस लिया और खेल के अंतिम समय तक जोधपुर पर हावी रही। एलिट जयपुर ने लगातार हमले की मदद से एक तरफे मुकाबले में सरप्रताप जोधपुर को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

जयपुर की तरफ से महिपत ने 3 गोल और दिवांशु ने 1 गोल किया। मैन ऑफ द मैच सर प्रताप के वैभव को दिया गया।